# हिंदी विवि में पांच दिवसीय कौशल संवर्धन कार्यशाला

## सरकारी पत्राचार पर डॉ. मुनीन्द्र मिश्र ने दी जानकारी

वर्धा,19 जून 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शिक्षकेतर कर्मचारियों के कौशल विकास हेतु 18 जून से 22 जून तक आयोजित कौशल संवर्धन कार्यशाला के दूसरे दिन बुधवार, 19 जून को त्रिपुरा विश्वविद्यालय, अगरतला के राजभाषा के सहायक निदेशक डॉ. मुनीन्द्र मिश्र ने प्रशासनिक कार्य में प्रयुक्त होने वाली शब्दावली के साथ-



साथ अर्ध सरकारी पत्र, परिपत्र, कार्यालय आदेश, कार्यालय ज्ञापन, पृष्ठांकन, प्रेस विज्ञप्ति और हिंदी भाषा में सामान्य टिप्पणी आदि को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से प्रशासनिक कार्य के लिए आवश्यक कौशल को सरल भाषा में समझाया। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपने लंबे प्रशासनिक अनुभवों को साझा करते हुए कामकाज में गति और प्रभाव ड़ालने वाली विषयवस्तू आदि को लेकर भी विस्तार से बताया। इस दौरान कार्यशाला में



सहभागिता कर रहे कर्मचारियों ने अपनी जिज्ञासाएं प्रस्तुत की जिसका समाधान डॉ. मिश्र ने आसान शब्दों में समझाया। इस अवसर पर कार्यशाला के सह-संयोजक एवं हिंदी अधिकारी राजेश कुमार यादव ने डॉ. मिश्र का स्वागत करते हुए उनका परिचय प्रस्तुत किया तथा जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के कर्मचारी सहभागी हुए हैं।

## सरकारी पत्रव्यवहारावर डॉ. मुनीन्द्र मिश्र यांचे मार्गदर्शन

वर्धा,19 जून 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात 18 ते 22 जून दरम्यान आयोजित कौशल संवर्धन कार्यशाळेच्या दुस-या दिवसी बुधवार, 19 जून रोजी त्रिपुरा विश्वविद्यालय, अगरतला येथील राजभाषाचे सहायक निदेशक डॉ. मुनीन्द्र मिश्र यांनी प्रशासकीय कामकाजात वापरण्यात येणारे शब्द आणि अर्ध सरकारी पत्र, परिपत्र, कार्यालय आदेश, कार्यालय ज्ञापन, पृष्ठांकन, प्रेस विज्ञप्ती तसेच हिंदी भाषेतील सामान्य टिप्पणी इत्यादी विषयावर सविस्तर मार्गदर्शन केले. पीपीटीच्या माध्यमातून त्यांनी प्रशासकीय कार्यासाठी आवश्यक कौशल सरळ व सोप्या भाषेत समजावून सांगितले. यावेळी कर्मचा-यांनी विचारलेल्या प्रश्नांची उत्तरे डॉ. मिश्र यांनी दिली. कार्यशाळेचे सह-संयोजक व हिंदी अधिकारी

राजेश कुमार यादव यांनी डॉ. मिश्र यांचा परिचय करवून दिला तर जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे यांनी आभार मानले. कार्यशाळेत विविध विभागातील कर्मचारी सहभागी झाले.